राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2/अलेसे– I/पदो./II to I/1176 दिनांकः 14.09.2023

आदेश संख्याः 48/2023–24

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम 1963, के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत वर्ष 2019–20 की रिक्तियों पर विचार हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 14.11.2019 की अभिशंषा के आधार पर श्री घनश्याम प्रजापत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, (लिंक नम्बर 2256, जन्म दिनांक 01.02.1965, मेरिट संख्या 285/1990) जिनका चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पदों पर वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर (संतान सम्बन्धी सूचना प्राप्ति की शर्त पर) किया गया था, के द्वारा संतान संबंधी सूचना प्रस्तुत कर दिये जाने के परिणामस्वरूप इनको पदोन्नति पर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I पद के लेवल L-12 में स्थानापन्न रूप से चयन वर्ष 2019–20 में दिनांक 01.09.2019 से नियुक्त किया जाता है।

श्री प्रजापत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पदोन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद को अस्थाई रुप से यथा आवश्यकतानुसार (सहायक लेखाधिकारी–ग्रेड I) क्रमोन्नत मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेगें। पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण की तिथि से देय होंगे।

पदोन्नत अधिकारियों की पारस्परिक वरिष्ठता (inter-se seniority) यथावत रहेगी।

उक्त आदेश वित्त (राजस्व) विभाग राज0 जयपुर के पत्र क्रमांक प.2(10)वित्त/राजस्व/2018 जयपुर, दिनांक 16.12.2019 से प्राप्त स्वीकृति के अनुसरण में जारी किये जाते हैं।

(डॉ. देवराज)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त
शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2/अलेसे– I/पदो./II to I/1176 दिनांकः 14.09.2023

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. सचिव, राज0 लोक सेवा आयोग, अजमेर।
2. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राज0 जयपुर।
3. विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष..
4. श्री .... सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय ....को निर्देशित किया जाता है कि वे कार्यग्रहण कर सूचना अविलम्ब इस विभाग को भिजवायें।
5. उप निदेशक (एसीपी) को वेबसाइट पर अपलोड एवं पीआईएस में इन्द्राज हेतु।
6. निजी सचिव निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव।
7. अलेसे–II/डीपीसी शाखा/ए.सी.आर. शाखा/जांच शाखा/गार्ड फाईल/ निजी पत्रावली।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)